पूर्व मंत्री गुरजंट सिंह बराड़ पंचतत्व में विलीन

श्रीगंगानगर,(कासं)। पूर्व मंत्री गुरजंट सिंह बराड़ का सोमवार को उनके पैतृक गांव पांच एलएनपी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार से पहले परिजनों ने अंतिम दर्शन किए। वहीं पुलिस प्रशासन ने उन्हें सलामी दी। इससे पहले गांव पांच एलएनपी स्थित उनके आवास पर रविवार देर रात अंतिम दर्शन के लिए शव रखा गया।

दोपहर करीब एक बजे उनकी अंतिम यात्रा घर से रवाना हुई। इसमें सैकड़ों की संख्या में सामाजिक, राजनीतिक लोग व बराड़ के समर्थक शामिल थे। दोपहर करीब दो बजे अंतिम संस्कार किया गया। बराड़ के पुत्र बलदेव सिंह बराड़, भूपेंद्र सिंह बराड़ व पोते विधायक गुरवीर बराड़ ने शव को मुखाग्नि दी। रविवार देर रात से ही बराड़ के गांव पांच एलएनपी स्थित आवास पर लोग पहुंचने लगे थे।

अंतिम यात्रा में पहुंचे प्रमुख लोगों में शिल्प एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलादराय टाक, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, धर्मेन्द्र मोची, पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल, पंजाब के पूर्व मंत्री सुरजीत ज्याणी, एएसपी रघुवीर शर्मा, डीएसपी राहुल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

बराड़ दो बार संगरिया और एक बार सादुलशहर से विधायक रहे हैं। वे 1993 में पहली बार निर्दलीय विधायक चुने गए। इस वर्ष भाजपा बहुमत से कुछ दूरी पर थी। इस दौरान निर्दलीय विधायकों को महत्व मिला और गुरजंट सिंह बराड़ को मंत्री बनाया गया। उन्हें भैरोंसिंह शेखावत की भाजपा सरकार में सिंचाई मंत्री की जिम्मेदारी मिली।

‘18 वर्ष के पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहें’

बीकानेर,(कासं)। संभागीय आयुक्त एवं मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की रोल पर्यवेक्षक वंदना सिंघवी ने सोमवार को एनआईसी कांफ्रेंस हॉल में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल

■ **संभागीय आयुक्त एवं मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की रोल पर्यवेक्षक वंदना सिंघवी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली**

बीकानेर संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बीकानेर पूर्व एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया।

अभिवर्त्ताओं (बीएलए) की नियुक्ति करते हुए सूची उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) से लेकर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) तक अपना काम कर रहे हैं। इसमें बीएलए की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पुनरीक्षण अभियान की विभिन्न तिथियों के बारे में बताया और कहा कि 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहे, यह सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बीकानेर पूर्व और पश्चिम के ईआरओ को सभी बीएलओ की बैठक लेने और पुनरीक्षण अभियान से जुड़े कार्य पूर्ण गंभीरता से करने के लिए निर्देशित करने को कहा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के श्यामसुंदर चौधरी, मोहम्मद रमजान अब्बासी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नितिन वत्सस, प्रहलाद सिंह मार्शल तथा आम आदमी पार्टी के संजय पाल मौजूद थे।

बैठक के बाद संभागीय आयुक्त ने बीकानेर पूर्व एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया तथा बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशिक्षण संस्थान, जैन पीजी कॉलेज, श्री जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय भैरूदान करनाणी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ द्वारा किये गए हाउस टू हाउस सर्वे, भावी मतदाताओं के चिन्हीकरण, बीएलओ ऐप आदि के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ द्वारा अब तक संतोषजनक कार्य नहीं किया गया है। उन्हें गति लाने के लिए ताकीद किया जाए। इस दौरान एडीएम सिटी तथा ईआरओ बीकानेर पश्चिम रमेश देव, एसडीएम बीकानेर तथा ईआरओ बीकानेर पूर्व कविता गोदारा साथ रहे। संभागीय आयुक्त ने बताया कि मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 29 अक्टूबर से प्रारम्भ हुआ। छह जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अर्हता तिथि 1 जनवरी रखी गई है। मतदाताओं से 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। 9 और 23 नवम्बर को मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा के साथ बैठक कर पठन एवं सत्यापन किया जायेगा।

पदोन्नति के लिए शिक्षा कर्मचारियों का धरना

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को शिक्षा निदेशालय के आगे धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि पदोन्नति सहित अनेक मुद्दों पर शिक्षा विभाग के अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं।

सोमवार शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमलनारायण आचार्य ने बताया कि मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों की 2023-24 तक की रिव्यू एवं 2024-25 तक की नियमित डीपीसी कर काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थान नहीं देने के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना शाम चार बजे दिया गया। आचार्य ने बताया कि शासन एवं प्रशासन से मांग की गई है कि स्कूल शिक्षा विभाग में संस्थापन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ सहायक के पदों की 2023-24 तक की रिव्यू और 2024-25 की नियमित डीपीसी नहीं हुई है।

लोक सेवा आयोग से चयनित 1986 के कार्मिकों, पंचायत राज विभाग से आये कार्मिकों, दिव्यांगजनों के प्रकरणों को निस्तारित नहीं हुए हैं। आचार्य ने बताया कि मांगे मानने तक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के समक्ष सुबह से शाम तक लगातार जारी रहेगा।

धरने को विभिन्न कर्मचारी नेताओं, संगठनों एवं कर्मचारियों के द्वारा समर्थन दिया। महेन्द्र कुमार पाण्डे महामंत्री राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ, किशोर पुरोहित आदि ने संबोधित किया।

सार-समाचार

बाघमार ने करणी मां के दर्शन किए



महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने करणी माता मंदिर में दर्शन किए।

बीकानेर, (कासं)। महिला एवं बाल विकास तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार सोमवार को देशनोक पहुंची। उन्होंने यहां विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में दर्शन किए और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मंदिर प्रन्यास की ओर से पीडब्लयूडी राज्य मंत्री डॉ. बाघमार का मां करणी की तस्वीर व साहित्य भेंटकर पारम्परिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रन्यास उपाध्यक्ष सीता दान, प्रन्यासी अशोक दान, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष हनुमान दान सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल अधिकारिता राज्य मंत्री मंजू बाघमार का आज बीकानेर आगमन पर भाजपा नेताओं ने सर्किट हाउस में स्वागत किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के निजी सहायक तेजाराम मेघवाल, भाजपा जिला मंत्री मनीष सोनी, प्रवक्ता अशोक प्रजापत, भाजयुमो महामंत्री पंकज अग्रवाल, विनोद धवन, गौरव जैन, मुकेश धौलपुरिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

साढू सुपर किंग्स ने मैच जीता

सूरतगढ़, (कासं)। माहेश्वरी समाज की ओर से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट (एमपीएल-5) का देर शाम को प्राचीन गढ़ मैदान में आगाज किया गया। माहेश्वरी समाज के भंवरलाल लखोटिया और सुशील कोठारी ने पहली बॉल खेलकर मैच का शुभारंभ करवाया। इससे पहले मैदान पर सभी टीमों के खिलाड़ियों का अतिथियों से परिचय कराया गया। राष्ट्रगान और आतिशबाजी के साथ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच साढू सुपर किंग्स और कोठारी चैलेंजर के बीच खेला गया। जिसमें कोठारी चैलेंजर ने टॉस जीते हुए पहले बॉलिंग चुनी। ऐसे में मैदान में पहली पारी खेलने उतरी साढू सुपर किंग्स की टीम ने निर्धारित 9 ओवर में 2 विकेट खोकर 86 रन का बना डाले। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोठारी चैलेंजर की टीम 9 ओवर में 6 विकेट खोकर 72 रन ही बना सकी। साढू सुपर किंग्स 14 रन से विजयी रही। साढू सुपर किंग्स के खिलाड़ी अमित लखोटिया प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जिन्होंने 32 बॉल की पारी में 1 चौके और 4 छक्कों की मदद से 43 रन बनाएं। दूसरी पारी में एक ऑवर कर 1 विकेट भी हासिल किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाज के प्रबुद्धजन और महिलाएं क्रिकेट देखने पहुंचे। वहीं घर बैठे क्रिकेट प्रेमियों के लिए भी लाइव लिंक के जरिये प्रसारण उपलब्ध करवाया गया है। आयोजन समिति के कमल झंवर ने बताया कि लगातार पांचवे साल हो रहे इस टूर्नामेंट में समाज की 8 टीमें हिस्सा ले रही है। इनमे साढू सुपर किंग्स, एलजी सत्यम फाइटर, लाहोटी लायंस, कोठारी चैलेंजर्स, चांडक नाइट राइडर्स, बागड़ी पैंथर, एमडीसी स्टार, पेड़ीवाल फाइटर के बीच मुकाबले होंगे। सभी टीमों में 9-9 खिलाड़ियों को रखा गया है। पांच दिवसीय इस टूर्नामेंट में रोजाना तीन-तीन मैच करवाये जायेंगे। फाइनल मुकाबला 7 नवम्बर को होगा। टूर्नामेंट में पहले स्थान पर रहने वाली टीम को 31000 की राशि और ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 21000 की राशि और ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को भी 11000 की राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा।

भाई से मिलकर आंसू छलके

नोखा, (कासं)। बिछड़े हुए का अपनों से मिलन के क्रम में एक और प्रभुजी का मिलन अपना घर आश्रम नोखा द्वारा एक भाई से भाई को मिलवाया। अपना घर आश्रम की अध्यक्ष किरण झंवर ने बताया कि अपनाघर आश्रम नोखा की ओर से अशोक मांझी प्रभुजी को 18 जुलाई 2023 को अपना घर आश्रम ऊमता में रेस्क्यू करके उपचार के लिए भर्ती किया गया। उसके बाद 8 अगस्त 2023 को अपना घर आश्रम नोखा में आने के बाद प्रभुजी की दवाई चलती रही। प्रभुजी के भाई चंद्र मोहन ने बताया कि हम 3 साल तक ढूंढते रहे। घर पर बोल कर गए थे कि मैं गुजरात काम करने के लिए जा रहा हूं। हमने तो आशा छोड़ दिया था कि इस दुनिया में है या नहीं। गजानंद लोहिया ने प्रभुजी द्वारा अपने घर का पता बताने पर उड़ीसा में श्यामसुंदर राठी को फोन पर सूचना देकर प्रभुजी के घर भेजा जहां उन्होंने अशोक के भाई को बताया कि आपका भाई नोखा अपना घर आश्रम में सेवा ले रहे हैं। सूचना पाकर भाई की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और खुशी के आंसू छलक पड़े। भाई ने अशोक से बात करने की इच्छा जताई। वीडियो कॉल से बात करवाई गई तो बोले कि हमारा भाई है। उसके बाद भाई ने बताया कि एक माह तक आप रखो। एक माह बाद हम नोखा आकर ले जायेंगे। दो नवम्बर आये और तीन नवम्बर को प्रभुजी अपने गांव पुरूलिया जिला भैलसवर उड़ीसा के लिए ट्रेन से रवाना किया।

उर्दू प्रोफेसर अवार्ड से सम्मानित

बीकानेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर की डॉ. फखरूनिशा बानो को राष्ट्रीय उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ (पंजीकृत) की ओर से ऐतिहासिक ग़ालिब एकेडमी, दिल्ली में 3 नवम्बर को आयोजित राष्ट्रीय अवार्ड सेरेमनी में उर्दू भाषा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय उर्दू प्रोफेसर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनका ये अवार्ड उनके शौहर ख़ान, अब्दुल रहमान और उनके भांजे मोहम्मद नूर आलम ने दिल्ली में प्राप्त किया। राष्ट्रीय उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की ओर से महाविद्यालय श्रेणी में राष्ट्रीय उर्दू पुरस्कार के लिए देशभर से आठ प्रोफेसर्स को चयनित किया गया है। जिसमें डॉ. बानो का भी चयन किया गया। यह सम्मान हर वर्ष भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा, साहित्य, शिक्षा एवं अध्यापन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

इस बार मूंगफली की आवक 20 प्रतिशत बढ़ने के आसार

बीकानेर, (कासं)। मूंगफली की फसल इस साल जिले के किसानों की तकदीर बदल सकती है। पिछले साल की तुलना में इस साल किसान करीब 20 प्रतिशत मूंगफली की ज्यादा आवक होने का अनुमान लगाये बैठे हैं।

पिछले साल जहां अनाज मंडी में करीब 80 लाख बोरी की आवक हुई थी। वहीं इस बार इसका आंकड़ा करीब एक करोड़ बोरी तक पहुंच सकता है। यह आंकड़ा अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। मूंगफली की आवक बढ़ने से किसानों के साथ-साथ मंडी के व्यापारियों की आय में भी इजाफा होगा। उन्हें ज्यादा आढ़त मिलेगी। कारोबारियों की मानें तो मूंगफली की ज्यादा आवक से एक्सपोर्ट आंकड़ों में भी इजाफा होगा।

मूंगफली एक्सपोर्ट कारोबारी अजय जैन ने बताया कि पिछले साल बीकानेर से करीब 30 हजार टन

■ **पिछले साल जहां अनाज मंडी में करीब 80 लाख बोरी की आवक हुई थी। इस बार इसका आंकड़ा करीब एक करोड़ बोरी तक पहुंच सकता है**

मूंगफली दाने का विदेशों में एक्सपोर्ट किया गया था। इस साल एक्सपोर्ट का आंकड़ा कुछ बढ़ सकता है। मूंगफली ने किसानों के साथ शहर की तकदीर भी बदली। मूंगफली की खेती ने बीकानेर के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के साथ ही उनकी जीवनशैली को पूरी तरह से बदलने का काम भी किया है।

इंदिरा गांधी नहर और ट्यूबवैल ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन संसाधनों की बदौलत बीकानेर न केवल राजस्थान में, बल्कि पूरे देश में मूंगफली उत्पादन का प्रमुख केन्द्र बनने की ओर अग्रसर है। मूंगफली का उत्पादन न केवल स्थानीय बाजारों में, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी पहुंच रहा है।

मूंगफली के साथ-साथ सरसों, बाजरा और कपास जैसी फसलों का भी उत्पादन बढ़ा है, लेकिन मूंगफली ने विशेष रूप से आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। इस साल मूंगफली उत्पादन के आंकड़े देखें तो इसकी बिजाई 2 लाख, 72 हजार, 303 हेक्टेयर में हुई है। जबकि पिछले साल मौजूद बिजान से 20 प्रतिशत कम बिजाई हुई थी। पिछले तीन साल के बीकानेर मंडी में मूंगफली की आवक पर नजर डालें तो एक लाख किवंटल आवक थी। मंडी सचिव नवीन गोदारा ने बताया कि मूंगफली उत्पादन की दृष्टि से बीकानेर की अनाज मंडी राजस्थान में पहले नंबर पर है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

श्रीगंगानगर,(कासं)। गांव मौजगढ़ निवासी बाइक सवार 2 लोगों की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई।

थाना खुईयांसरवर पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जानकारी के अनुसार गांव मौजगढ़ निवासी मदन लाल (40) अपने साथी मोहन लाल के साथ बाइक पर सवार होकर श्रीगंगानगर से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे। जैसे वह गांव कलूरखेड़ा ओवरब्रिज के पास पहुंचे तो पीछे से आये किसी वाहन ने दोनों की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए।

घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने मोहन लाल को मृत घोषित कर दिया।

जैतसर गांव 12 जीबी में डेंगू से मौत

जैतसर, (निसं)। जैतसर गांव 12 जीबी में एक व्यक्ति की डेंगू से मौत हो गई है। मृतक पांच दिन से बुखार से पीडित था।

मृतक के परिवार के कृष्ण जोशी ने बताया कि गांव 12 जीबी निवासी कस्तूरीलाल जोशी पुत्र कान्हाराम बुखार से पीडित था। इस दौरान सूरतगढ़, हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर के निजी चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा था।

श्रीगंगानगर के निजी चिकित्सालय में प्लेटलेट्स कम होने के कारण उसकी मौत हो गई। जैतसर क्षेत्र में संभवतया डेंगू से मौत का यह पहला मामला है। मृतक जैतसर में किराणा की होलसेल दुकान पर लम्बे समय से काम कर रहा था। कस्तूरीलाल की मौत का समाचार मिलते ही व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हो गए। संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष हरबंस थरेजा, मोनू सेतिया, लेखराज गजरा ने बताया कि सभी

■ **डेंगू से संक्रमित होने पर प्लेटलेट्स कम हुई, इलाज के दौरान मौत**

किराना दुकानदारों ने कस्तूरी लाल के निधन पर शोक व्यक्त किया।

जैतसर कस्बे और आसपास के गांवों में इस समय बुखार रोगियों की संख्या सर्वाधिक है। पिछले माह कस्बे में बढ़ रही बुखार रोगियों की संख्या को देखते हुए ग्राम पंचायत जैतसर व ग्राम पंचायत बुगिया ने मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करवाया था। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी 50 से अधिक रोगी प्रतिदिन बुखार के आ रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी डॉ अनोख बिश्नोई ने बताया कि एएनएम, आशा वर्कर व सहयोगिन की ओर से घर-घर टेमीफोस दवा पानी की टंकी में डलवाई जा रही है।

सूने मकान से चांदी के जेवर व नकदी चोरी

हनुमानगढ़, (कासं)। चोरों ने जंक्शन के सेक्टर 12 में सूने मकान को निशाना बनाते हुए चांदी के जेवरात, नकदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।

मकान मालिक व परिवार के सदस्य वापस घर आए तो ताले टूटे देख चोरी का पता चला। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार दीपक मोदी पुत्र श्यामलाल निवासी सेक्टर नम्बर 12, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह 25 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे मकान को ताला लगाकर परिवार सहित किसी काम से बाहर चला गया। पीछे से कोई व्यक्ति उसके मकान में घुसकर कमरे में रखी अलमारी में से एक जोड़ी

■ **चोरों ने जंक्शन के सेक्टर 12 में सूने मकान में चोरी की वारदात की**

चांदी की पायजेब, एक चांदी का कड़ा, एक हाथ घड़ी, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन, 20 हजार रूपए की नकदी चोरी कर ले गया। वे वापस आये तो मकान के मुख्य द्वार व मकान में बने कमरों के दरवाजों पर लगे ताले टूटे हुए थे। अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। चांदी के गहने, रूपए एवं अन्य सामान गायब था। उसने चोरी करने वाले की काफी तलाश की मगर कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी।

कैम्पर की टक्कर से एक की मौत

नोखा, (कासं)। सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई। जबकि दो व्यक्ति घायल हो गए।

पांचू के कैलाश सुथार ने मुकदमा दर्ज करवाया है कि 2 नवम्बर को रात्री में वह और उसका भाई गजेन्द्र सुथार,गजेन्द्र मेहरड़ा, नारायण हम चारों नोखा से रासीसर रिश्तेदारी में से आ रहे थे। इतने में विलेश्वर विद्यालय के आगे पहुंचे। उस समय गजेन्द्र मेहरडा मोटरसाइकिल चला रहा था और उसका भाई गजेन्द्र सुथार पीछे बैठा था। हम दोनों पीछे से आ रहे थे। इतने में हमने बाइक को साइड में खड़ी की और बाथरूम करने के लिए रूके। उसी दौरान तेज गति से कैम्पर गाडी के चालक ने साइड में खड़ी बाइक सहित तीनों को टक्कर मार दी। तीनों को लेकर पीबीएम पहुंचा जहां डॉक्टर ने ाजेन्द्र सुथार को मृत घोषित कर दिया।

मकान मालिक नींद में सोते रहे, चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

बीकानेर, (कासं)। शहर में लगातार बढ़ते अपराध पुलिस को चुनौती देती नजर आ रही है। नयाशहर थाना इलाके में एक मकान में चोरी कर लाखों रूपये का सामान चोर चुरा ले गये।

जानकारी मिली है कि मुरलीधर रोड़ स्थित रामदेव पार्क के सामने वाली गली में सुशील पुरोहित के मकान में अलसुबह 3 बजे चोरी की वारदात को अज्ञात चोरों ने अंजाम दे दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय यह वारदात हुई उस समय पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था।

इस बीच चोर उनके घर से 20 हजार रूपये नकद, आठ सोने की चूड़ी, चांदी की पायल, कानों के टॉप्स, नाक का तिनखा, हाथ के कड़े चोरी

■ **मुरलीधर रोड़ स्थित सुशील पुरोहित के मकान में हुई चोरी की वारदात**

कर ले गए। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोर की तलाश में जुट गई है।

जिस घर में चोरी की वारदात हुई है। उसके पास में चेतालाई श्मसान घाट है। जहां दिन-रात नशेड़ी व असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि यहां आने वालों में से ही किसी न चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया होगा। ऐसा बताया जा रहा है कि पहले इसी श्मसान घाट में एक युवक की हत्या कर दी गई थी।

पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। अगर नयाशहर थाना इलाके ही बात करें तो पिछले 72 घंटों में थाना क्षेत्र में लूट, चोरी, चाकूबाजी, मारपीट की करीब आधा दर्जन वारदातें हुई है। जहां दीपावली वाले दिन भाटों के बास क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला बोला गया था। अगले दिन पुष्करणा स्कूल के पास विवाहिता मीनाक्षी के गले से सोने की चैन झपट ले गये। झपटमार युवक गोकुल सर्किल से विवाहिता का पीछा कर रहे थे। जिसका सीसीटीवी भी सामने आ चुका है।

पानी लगाने से जल रही सरसों की फसल को बचाने के उपाय बताये

बीकानेर, (कासं)। कृषि विभाग की टीम द्वारा सोमवार को खाजूवाला के 6 केवाईडी क्षेत्र में सरसों की फसल का निरीक्षण किया गया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि पानी लगाने से जल रही सरसों की फसल को बचाने के लिए विभाग की टीम द्वारा किसानों को आवश्यक उपचार बताये गए। उन्होंने बताया कि सरसों के निरीक्षण के दौरान उसमे फंगस जनित बीमारी जड़ गलन पाई गई। इसके उपचार के लिए यूरिया के साथ 500 ग्राम कारबंडाजीम प्रति बीघा पानी लगने के बाद उपचार के रूप में एवं जहां पानी लग गया है। वहां पर वीटावैक्स पावर या कारबंडाजीम 0.2 प्रतिशत का छिड़काव करने का किसानों को सुझाव दिया गया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी के साथ

खाजूवाला के 6 केवाईडी क्षेत्र में कृषि विभाग की टीम ने सरसों की फसल का निरीक्षण कर किसानों को जलने से बचाने के लिए दवा के छिड़काव का सुझाव दिया।

क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ एच. एल. देशवाल, उपनिदेशक (पौध व्याधि) प्रेमाराम, उपनिदेशक (सांख्यिकी) डॉ मानाराम जाखड़, सहायक निदेशक भैराराम गोदारा उपस्थित थे। स्थानीय सहायक कृषि अधिकारी सुभाष तथा पवन गोदारा ने टीम का प्रभावित क्षेत्र के किसानों के यहां भ्रमण करवाया।

■ **वीटावैक्स पावर या कारबंडाजीम 0.2 प्रतिशत का छिड़काव करने का सुझाव दिया**

नहर से पानी चोरी : श्रीगंगानगर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने एमएमके नहर पर नहरी पानी की चोरी पकड़ी है। इस नहर पर पाइप लगाकर पानी चुराया जा रहा था। नहर विभाग के अधिकारियों को जांच के दौरान इसका पता लगा। नहर में पानी चोरी की जानकारी मिली तो अधिकारियों ने मौके से पानी चोरी के लिए लगे पाइप हटवाए। के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। हनुमानगढ़ के सिंचाई विभाग के जेईएन गगनदीप सिंह की ओर से गांव मोरजंडखारी निवासी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है।

12 साल में भी नहीं बढ़ा उत्तर पुस्तिकाएं जांचने का मानदेय

बीकानेर, (कासं)। शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने कहा कि महंगाई पिछले बारह वर्षों से लगातार बढ़ती जा रही है। इस कारण सब कुछ महंगा हो गया। सरकारी कार्यों की राशि में भी बढ़ोतरी की गई। लेकिन राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली बोर्ड परीक्षाओं में विभिन्न कार्यों के लिए के लिए दिए जाने वाले मानदेय की राशि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। जो की बेहद ही चिंताजनक है।

परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के लिए वरिष्ठ अध्यापक व व्याख्याताओं को बतौर परीक्षक के कार्य करने के साथ-साथ उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का अतिरिक्त कार्य करना होता है। जिसके लिए बोर्ड अतिरिक्त मानदेय के रूप में दसवीं के लिए 14 रूपए और 12 वीं के लिए 15 रूपए की राशि प्रति उत्तर पुस्तिका प्रदान की जाती है। जो की वर्तमान की

■ **मानदेय के रूप में दसवीं बोर्ड के लिए 14 रूपए और 12 वीं के लिए 15 रूपए की राशि मिलती है**

महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के लिए विभिन्न कार्यों के लिए निर्धारित पारिश्रमिक दरों में 2012 के बाद बारह वर्षों के बाद भी कोई वृद्धि नहीं की गई। जबकि बोर्ड परीक्षा के आवेदन लेते समय विद्यार्थियों से लिया जाने वाला शुल्क दो तीन वर्ष बाद बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में प्रति विद्यार्थी 600 रूपए बोर्ड परीक्षा का आवेदन शुल्क लिया जा रहा है। प्रतिवर्ष बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए पारिश्रमिक दरों में भी वृद्धि की जानी चाहिए ताकि कुछ लाभ मिल सके।

शिक्षकों की मानें तो महंगाई के इस दौर में इस राशि से एक पेन ही बड़ी मुश्किल से खरीदा जा सकता है। वर्तमान में एक अच्छे पेन के भी दस से 15 रूपए लगते हैं। एक पेन से करीब तीन उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन हो पाता है। इसलिए प्रति उत्तर पुस्तिका के लिए मिलने वाली इस राशि में से 50 प्रतिशत राशि तो अकेले पेन पर ही खर्च हो जाती है। मूल्यांकन के लिए खर्च किए जाने वाले अतिरिक्त समय के लिए पर्याप्त राशि भी नहीं मिल पाती है।

उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के लिए मिलने वाले कम मानदेय के कारण हर कोई आसानी से उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करना भी नहीं चाहता। लेकिन कार्य नहीं करने पर बोर्ड की ओर से दिए जाने वाले नोटिस के कारण वरिष्ठ अध्यापक व व्याख्याता को ये कार्य करना पड़ता है।